nt>

Title: Demand to construct the flyover at various railway crossing points on National Highways in Bihar.

श्री रघुनाथ झा : माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में नेशनल हाईवे पर 34 स्थानों पर रेल लाईन गुजरती है। वहां फ्लाई ओवर न होने के कारण वहां की जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रेलवे द्वारा 34 जगहों पर रोड ओवर ब्रिज बनाने के लिए भूतल परिवहन मंत्रालय को बिहार की पूरी रिपोर्ट और उसका प्रस्ताव आया हुआ है, यह वर्षों से लम्बित है।

महोदय, मैं मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि यह नेपाल से सटे हुए सीमा के अंदर वाले स्थानों की विशेा जगह है, जिसके बारे में रिपोर्ट में जिक्र किया हुआ है। यहां भयंकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हमारा रक्सौल मुख्यालय एक सब-डिवीजनल हैड क्वार्टर है, जो बीरगंज जैसे बहुत बड़े टाउन से सटा हुआ है। वहां दो-दो, चार-चार घंटे ट्रेन डिले होती है, इससे बहुत से विदेशियों को कठिनाई होती है।

अतः मैं आपके द्वारा भारत सरकार से मांग करता हैं कि भारत नेपाल सीमा से रक्सौल, सुगौली, मोतिहारी, दिघवारा, हाजीपुर सराय के बीच एकरारा गुमती और दूसरी जगहों पर कर्पूरी ठाकुर कालेज के नजदीक यह रोड तैयार है, लेकिन एप्रोच रोड नहीं बनने के कारण रेल विभाग, नेशनल हाईवे का गुमटी काम नहीं कर रहा है, उसकी वजह से लोगों को कठिनाइयां होती हैं। इसलिए हम मंत्री जी से आग्रह करेंगे कि जो अविलम्ब प्रस्ताव आया है, उसे स्वीकृत करके बिहार सरकार को भेजें और अपना शेयर दें ताकि वहां का काम हो सके।

MR. SPEAKER: Mr. Ramdas Bandu Athawale, you have not given notice.